Nilesh @ M.G.G AYUSH University
today at 8:59 am

(71)

आयुष विश्वविद्यालय में पुलिस चौकी का लोकार्पण

जासं, भटहट : महायोगी गुरु गोरखनाथ राज्य आयुष विश्वविद्यालय के परिसर में बुधवार को कुलपति डा.एके सिंह तथा एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने नवनिर्मित पुलिस चौकी भवन का लोकार्पण किया। एसएसपी ने यहां ग्राम प्रधानों से आपराधिक घटनाओं में आने वाली कमी पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि आयुष विश्वविद्यालय के बन जाने से क्षेत्र का विकास होगा। आसपास अन्य व्यावसायिक संस्थान भी स्थापित होंगे।

जिससे क्षेत्र के लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। एसएसपी ने कहा कि वह स्वयं एलोपैथ के डाक्टर हैं, उन्हें पता है कि आयुर्वेद, यूनानी एवं होम्योपैथ की दवाएं बिना किसी साइड इफेक्ट के काफी असरकारक होती हैं। एसएसपी ने बताया कि आयुष विश्वविद्यालय चौकी के अंतर्गत परसौना, पिपरी, जमुनहवां, भैरवां, भगतपुरवा, तरकुलहां एवं मोहिद्दीनपुर को शामिल किया गया है। यहां एक चौकी प्रभारी के साथ ही चार सिपाहियों की नियुक्ति की गई है।

इस दौरान एसपी उत्तरी मनोज कुमार अवस्थी, एएसपी मानुष पारीक, परीक्षा नियंत्रक सीके राजपूत, इंस्पेक्टर जेएन शुक्ल, ग्राम प्रधान वाजिद अली, दिलीप तिवारी, सिद्धू पासवान, योगेंद्र पासवान, बख्शीश अली आदि मौजूद रहे।

1:47